# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

सत्यमेव जयते

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Test Date | 15/06/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** चार अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 11, 7 और 14 से विभाजित किए जाने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 2 प्राप्त हो।

**Ans**
✗ A. 9901
✗ B. 9435
✗ C. 9972
✓ D. 9858

**Q.2** रामू, कीरन से 8 वर्ष बड़ा है। सात वर्ष पहले, रामू की आयु, कीरन की आयु की तीन गुनी थी। रामू की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ A. 19 वर्ष
✗ B. 25 वर्ष
✗ C. 23 वर्ष
✗ D. 16 वर्ष

**Q.3** पटना एक्सप्रेस दिल्ली से 10:00 AM पर निकलती है और उसी दिन 7:00 PM पर पटना पहुंचती है। दिल्ली एक्सप्रेस पटना से 2:00 PM पर निकलती है और अगले दिन 1.00 AM पर दिल्ली पहुँचती है। दोनों ट्रेनें समान मार्ग पर विपरीत दिशाओं में यात्रा करती हैं। वे किस समय मिलती हैं?

**Ans**
✓ A. 04:45PM
✗ B. 03:45PM
✗ C. 04:15PM
✗ D. 04:30PM

**Q.4** व्यंजक $0.5 \times 0.125 \div 8^{-2}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ A. 4
✗ B. 1
✗ C. 8
✗ D. 2

Q.5 किसी कंपनी में दो विभाग 'A' और 'B' हैं, जिनमें कर्मचारियों का अनुपात क्रमशः 5 : 7 है। यदि 28 कर्मचारियों को विभाग 'B' से 'A' में स्थानांतरित किया जाता है, तो अनुपात 1 : 1 हो जाता है। मूल रूप से प्रत्येक विभाग में कितने कर्मचारी थे?

Ans
- ✗ A. A में 140, B में 84
- ✓ B. A में 140, B में 196
- ✗ C. A में 150, B में 84
- ✗ D. A में 140 और B में 96

Q.6 यदि किसी संख्या का 40% उसके 25% से 42 से अधिक है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 260
- ✗ B. 320
- ✓ C. 280
- ✗ D. 300

Q.7 वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 9, 12 और 15 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 3 बचता हो।

Ans
- ✗ A. 723
- ✗ B. 363
- ✓ C. 183
- ✗ D. 123

Q.8 एक गोलाकार टंकी का व्यास 28 cm है। टंकी का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 22/7 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 2456 $cm^2$
- ✗ B. 2460 $cm^2$
- ✓ C. 2464 $cm^2$
- ✗ D. 2458 $cm^2$

Q.9 वेणु एक निश्चित राशि 10% वार्षिक दर पर निवेश करती है। 2 वर्षों के बाद, उसे चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) के रूप में ₹136.50 प्राप्त होते हैं। उसी ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए संगत साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 115
- ✗ B. 120
- ✓ C. 130
- ✗ D. 125

Q.10 A और B एक काम को क्रमशः 12 दिन और 30 दिन में पूरा कर सकते हैं। दोनों 4 दिन काम करते हैं और फिर A काम छोड़कर चला जाता है। शेष काम को पूरा करने में B को कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 17
- ✗ B. 18
- ✓ C. 16
- ✗ D. 15

Q.11 एक जल पाइप खोखले बेलन की आकृति का है, जिसकी बाह्य त्रिज्या 10 cm और आंतरिक त्रिज्या 8 cm है। यदि पाइप की लंबाई 2 m है, तो पाइप का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (दोनों सिरों तथा आंतरिक और बाह्य वक्र पृष्ठ सहित) वर्ग सेंटीमीटर में कितना होगा? ($\pi$ = 22/7 का उपयोग करें और निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें)

Ans
- ✗ A. 18848 $cm^2$
- ✗ B. 25124 $cm^2$
- ✓ C. 22855 $cm^2$
- ✗ D. 22848 $cm^2$

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.12 एक रेसिपी में, 0.75 कप चीनी और $1\frac{1}{4}$ कप मैदा की आवश्यकता होती है। प्रयुक्त सामग्रियों की कुल मात्रा (कप में) कितनी है? (उत्तर को दशमलव के रूप में व्यक्त कीजिए)

Ans
✔ A. 2.0
✗ B. 1.95
✗ C. 2.05
✗ D. 2.5

Q.13 यदि $4^x - 4^{x-1} = 48$ है, तो $\frac{2x-1}{2x+3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{5}{11}$
✗ B. $\frac{5}{4}$
✔ C. $\frac{5}{9}$
✗ D. $\frac{5}{8}$

Q.14 3 और 5 में से कौन-सी सबसे छोटी धनात्मक संख्या घटाई जानी चाहिए, ताकि 8 उनका तृतीयानुपाती हो?

Ans
✗ A. -1
✗ B. 2
✔ C. 1
✗ D. -2

Q.15 $\sqrt{\frac{(169)^2 \times (2.56)^2 \times (0.25)^2}{(13)^4 \times (1.6)^4 \times (0.5)^2}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 1.5
✗ B. 1.05
✗ C. 0.05
✔ D. 0.5

Q.16 एक व्यापारी अपने माल पर इस प्रकार मूल्य अंकित करता है कि 25% की छूट देने के बाद भी उसे 10% का लाभ होता है। यदि वह केवल 10% की छूट देता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 30%
✗ B. 35%
✔ C. 32%
✗ D. 28%

Q.17 एक व्यक्ति 6 km/h की चाल से 6 km पैदल चलता है और फिर 9 km/h की चाल से 18 km दौड़ता है। पूरी दूरी के लिए उसकी औसत चाल (km/h में) कितनी है?

Ans
✗ A. 9
✗ B. 10
✔ C. 8
✗ D. 7

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.18 पांच मेजों और सात कुर्सियों की कीमत ₹7040 है। यदि एक मेज की कीमत एक कुर्सी से ₹400 अधिक है, तो मेज की कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹420
- ✓ B. ₹820
- ✗ C. ₹800
- ✗ D. ₹700

Q.19 $23^3 + (-19)^3 + (-4)^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4998
- ✗ B. 5089
- ✗ C. 4958
- ✓ D. 5244

Q.20 एक वस्तु को 21% के लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य में ₹50 की वृद्धि की जाए और विक्रय मूल्य में ₹69 की कमी की जाए, तो लाभ 13.6% होगा। वस्तु का मूल क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2,000
- ✓ B. 1,700
- ✗ C. 1,400
- ✗ D. 1,500

Q.21 एक खुदरा-विक्रेता, किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक निर्धारित करता है। यदि वह ₹30 की खरीद पर ₹2 की छूट देता है, तो उसका लाभ या हानि प्रतिशत कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 14% की वृद्धि
- ✗ B. 16% की वृद्धि
- ✓ C. 12% की वृद्धि
- ✗ D. 11% की हानि

Q.22 दिए गए बंटन की माध्यिका 28.5 है। लुप्त बारंबारता x ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 5 | x | 20 | 15 | 7 | 5 |

Ans
- ✗ A. 10
- ✗ B. 3
- ✓ C. 8
- ✗ D. 5

Q.23 एक सम बहुभुज के अंतः कोण और बाह्य कोण के माप का अंतर 100° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 10
- ✓ C. 9
- ✗ D. 8

Q.24 एडुआर्डो, अब्राहम और ज़ेवियर एक काम को क्रमशः 6, 34 और 36 दिनों में पूरा कर सकते हैं। तीनों मिलकर काम करना शुरू करते हैं। एडुआर्डो 2 दिन बाद काम छोड़ देता है और अब्राहम काम पूरा होने से ठीक 3 दिन पहले काम छोड़ देता है। काम पूरा होने में कुल कितने दिन लगे?

Ans
- ✗ A. 11.7
- ✓ B. 13.2
- ✗ C. 14.6
- ✗ D. 15.2

Q.25 निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

43, 40, 41, 53, 50, 41, 44, 45, 43, 46, 48, 46, 51, 55, 52, 42, 46, 45

Ans
- ✗ A. 41
- ✗ B. 43
- ✗ C. 40
- ✓ D. 46

Q.26 मूलधन, ब्याज दर और समय ज्ञात होने पर साधारण ब्याज की सही गणना करने का सूत्र कौन-सा है?

Ans
- ✓ A. साधारण ब्याज = (मूलधन × ब्याज दर × समय) / 100
- ✗ B. साधारण ब्याज = मूलधन + ब्याज दर + समय
- ✗ C. साधारण ब्याज = मूलधन × ब्याज दर / समय
- ✗ D. साधारण ब्याज = मूलधन × समय / ब्याज दर

Q.27 A और B, किसी व्यवसाय में क्रमशः ₹12,000 और ₹8,000 निवेश करते हैं। यदि कुल लाभ ₹10,000 है, तो लाभ में A का हिस्सा कितना है?

Ans
- ✗ A. ₹7,000
- ✗ B. ₹5,000
- ✗ C. ₹4,000
- ✓ D. ₹6,000

Q.28 चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य समान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 87% और 37% की दो क्रमिक छूट देती है; दुकान II, 81% और 37% की क्रमिक छूट देती है; दुकान III, 57% और 54% की क्रमिक छूट देती है तथा दुकान IV, 91%, 25% और 59% की क्रमिक छूट देती है। कौन-सी दुकान कुकर को न्यूनतम मूल्य पर बेच रही है?

Ans
- ✓ A. IV
- ✗ B. I
- ✗ C. II
- ✗ D. III

Q.29 एक व्यक्ति को एक रुपये में 5 नींबू बेचकर 34% की हानि होती है। 10% का लाभ अर्जित करने के लिए उसे एक रुपये में कितने नींबू बेचने होंगे?

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 5
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

Q.30 यदि tan θ = 2 और θ प्रथम चतुर्थांश में है, तो sec θ का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. $\sqrt{2}$
- ✗ B. $2$
- ✓ C. $\sqrt{5}$
- ✗ D. $\sqrt{3}$

## Section : General Awareness

Q.31 मानव पाचन तंत्र में छोटी आंत का कौन-सा भाग, पित्ताशय से पित्त और अग्न्याशय से अग्नाशयी रस मूल पित्त वाहिनी द्वारा प्राप्त करता है?

Ans
- ✗ A. बृहदांत्र (Colon)
- ✗ B. शेषांत्र (Ileum)
- ✗ C. अग्रक्षुद्रांत्र (Jejunum)
- ✓ D. ग्रहणी (Duodenum)

Q.32 शरीर में वृद्धि और उपचार की प्रक्रिया को कौन-सा खाद्य घटक सहायता प्रदान करता है?

Ans
- ✗ A. विटामिन
- ✗ B. वसा
- ✓ C. प्रोटीन
- ✗ D. खनिज

Q.33 दुर्बलतामंडल (asthenosphere) प्लेट विवर्तनिकी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि ____________।

Ans
- ✗ A. यह जल निकायों से बना है
- ✗ B. यह पूरी तरह से ठोस और कठोर है
- ✗ C. यह पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र बनाता है
- ✓ D. यह आंशिक रूप से पिघला हुआ है और प्लेटों को संचलन की सुविधा देता है

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय, मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा चांदी की कमी को दूर करने के लिए अपनाया गया था?

Ans
- ✗ A. भूमि राजस्व सुधार
- ✗ B. गैरीसन नगर
- ✗ C. वाइन का निषेध
- ✓ D. सांकेतिक मुद्रा

Q.35 भारत में राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध (FRBM) अधिनियम किस वर्ष अधिनियमित किया गया था?

Ans
- ✓ A. 2003
- ✗ B. 2004
- ✗ C. 2001
- ✗ D. 2005

Q.36 मई 2025 में, तीसरे बच्चे के लिए भी मातृत्व अवकाश को संवैधानिक अधिकार घोषित करते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मुख्य रूप से किस संवैधानिक अनुच्छेद का संदर्भ दिया गया था?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 14
- ✗ B. अनुच्छेद 19
- ✗ C. अनुच्छेद 27
- ✓ D. अनुच्छेद 21

Q.37 केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (Central Administrative Tribunal - CAT) की स्थापना किस विधि के अंतर्गत की गई थी?

Ans
- ✗ A. लोक सेवा आयोग अधिनियम, 1986
- ✗ B. केंद्रीय सेवा अधिनियम, 1985
- ✓ C. प्रशासनिक न्यायाधिकरण अधिनियम, 1985
- ✗ D. प्रशासनिक सुधार अधिनियम, 1980

Q.38 जब आप विंडोज में 'शट डाउन (Shut down)' का चयन करते हैं, तो क्या होता है?

Ans
- ✗ A. PC, निम्न-पावर अवस्था में चला जाता है, लेकिन ऐप मेमोरी में बने रहते हैं।
- ✗ B. PC, सेशन को डिस्क में सेव करता है और फिर पावर ऑफ हो जाता है।
- ✓ C. सभी ऐप और डेटा बंद हो जाते हैं और PC पूर्ण रूप से पावर ऑफ हो जाता है।
- ✗ D. PC, स्टैंड-बाय मोड में चला जाता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.39 मूल 7-बिट ASCII मानक में कितने कंट्रोल करैक्टर शामिल हैं?

Ans
- ✗ A. 64
- ✓ B. 32
- ✗ C. 33
- ✗ D. 16

Q.40 लोथल में सबसे प्रमुख दर्शनीय स्थल ________ हैं, जिन्होंने इस स्थान को अंतर्राष्ट्रीय पुरातत्व के लिए अधिक महत्वपूर्ण बनाने में सहायता की है।

Ans
- ✓ A. बंदरगाह (Dockyards)
- ✗ B. धान्यागार (Granaries)
- ✗ C. दुर्ग (Citadels)
- ✗ D. महास्नानागार (Great Baths)

Q.41 प्रयोगशाला में, कॉपर सल्फेट विलयन, लोह रेतन के साथ अभिक्रिया करता है, जिससे रंग में परिवर्तन होता है और एक नई धातु का निक्षेपण होता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस अभिक्रिया के कारण की सही व्याख्या करता है?

Ans
- ✓ A. लोहा, कॉपर की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील होता है
- ✗ B. लोहा और कॉपर एक ही समूह से संबंधित होते हैं
- ✗ C. कॉपर, लोहे की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील होता है
- ✗ D. लोहे और कॉपर सल्फेट की अभिक्रियाशीलता समान होती है

Q.42 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद "संवैधानिक उपचारों का अधिकार" प्रदान करता है, जो व्यक्तियों को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सर्वोच्च न्यायालय में जाने का अधिकार प्रदान करता है?

Ans
- ✓ A. अनुच्छेद 32
- ✗ B. अनुच्छेद 21
- ✗ C. अनुच्छेद 19
- ✗ D. अनुच्छेद 226

Q.43 भारत में राष्ट्रीय कृषि नीति कब शुरू की गई थी?

Ans
- ✓ A. 2000
- ✗ B. 2007
- ✗ C. 2002
- ✗ D. 2005

Q.44 भारत के वैमानिकी विकास अभिकरण (ADA) ने ________ में LCA तेजस AF MK1 प्रोटोटाइप से अस्त्र बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (BVRAAM) का सफल परीक्षण किया।

Ans
- ✗ A. केरल
- ✗ B. गुजरात
- ✗ C. आंध्र प्रदेश
- ✓ D. ओडिशा

Q.45 वहाबी आंदोलन की उत्पत्ति मुख्य रूप से भारत के किस क्षेत्र में हुई थी?

Ans
- ✗ A. पंजाब
- ✓ B. बिहार
- ✗ C. दिल्ली
- ✗ D. बंगाल

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.46 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 29
- ✗ B. अनुच्छेद 51 A
- ✓ C. अनुच्छेद 39 A
- ✗ D. अनुच्छेद 78

Q.47 BIMSTEC शिखर सम्मेलन के किस संस्करण के दौरान "बैंकॉक विजन 2030" को मंजूरी दी गई थी?

Ans
- ✗ A. आठवें
- ✓ B. छठे
- ✗ C. पाँचवें
- ✗ D. तीसरे

Q.48 भारत की कौन-सी पर्वत श्रृंखला दुनिया की सबसे पुरानी वलित पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है?

Ans
- ✓ A. अरावली पर्वतमाला
- ✗ B. पूर्वी घाट
- ✗ C. काराकोरम पर्वतमाला
- ✗ D. हिमालय

Q.49 1857 के विद्रोह के दौरान मौलवी अहमदुल्ला शाह ने निम्नलिखित में से किस प्रमुख युद्ध में हिस्सा लिया?

Ans
- ✗ A. प्लासी का युद्ध
- ✓ B. चिनहाट का युद्ध
- ✗ C. झांसी का युद्ध
- ✗ D. कानपुर का युद्ध

Q.50 भारत का कौन-सा क्षेत्र कर्तन-दहन कृषि (झूम कृषि) के लिए सबसे प्रसिद्ध है?

Ans
- ✗ A. दक्कन के पठार
- ✗ B. सिंधु-गंगा के मैदान
- ✓ C. उत्तर-पूर्वी पहाड़ियाँ
- ✗ D. पश्चिमी घाट

Q.51 सेल्युकस ने अपने राजदूत मेगस्थनीज को पाटलिपुत्र में किस मौर्य शासक के दरबार में भेजा?

Ans
- ✗ A. बृहद्रथ
- ✗ B. बिंदुसार
- ✗ C. अशोक
- ✓ D. चंद्रगुप्त मौर्य

Q.52 निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रारंभिक मानव बस्तियों और विकास के कारण उच्च जनसंख्या घनत्व है?

Ans
- ✗ A. राजस्थान
- ✗ B. मेघालय
- ✗ C. सिक्किम
- ✓ D. उत्तर प्रदेश

Q.53 संविधान (88वां) संशोधन अधिनियम, 2003, किस कर से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. संपत्ति कर (Wealth Tax)
- ✓ B. सेवा कर (Service Tax)
- ✗ C. वस्तु एवं सेवा कर (Goods and Services Tax)
- ✗ D. भूमिभवन कर (Property Tax)

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.54 संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण (संविधान 128वां संशोधन) विधेयक, 2023, लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में महिलाओं के लिए सभी सीटों में से एक-तिहाई आरक्षण कितने वर्षों की प्रारंभिक अवधि के लिए प्रदान करता है?

Ans
- ✗ A. 10 वर्ष
- ✗ B. 20 वर्ष
- ✗ C. 5 वर्ष
- ✓ D. 15 वर्ष

Q.55 2025 में जारी की गई वह कौन-सी रिपोर्ट है जो भारत के 31 शहरों में शहरी महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में उनकी धारणाओं पर आधारित स्कोर प्रदान करती है?

Ans
- ✗ A. शहरी महिला सूचकांक 2025
- ✗ B. महिला सुरक्षा रिपोर्ट 2025
- ✓ C. NARI 2025 सूचकांक
- ✗ D. सेफ सिटी रिपोर्ट 2025

Q.56 अक्टूबर 2025 में, भारत और स्पेन ने किस भारतीय राज्य में विश्व-स्तरीय कन्वेंशन सेंटर विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ A. मध्य प्रदेश
- ✓ B. महाराष्ट्र
- ✗ C. तमिलनाडु
- ✗ D. गुजरात

Q.57 दिसंबर 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत के किस राज्य में यूनेस्को (UNESCO) विश्व धरोहर स्थलों की संख्या सबसे अधिक है, जिनकी कुल संख्या पांच है?

Ans
- ✗ A. कर्नाटक
- ✗ B. राजस्थान
- ✓ C. महाराष्ट्र
- ✗ D. उत्तर प्रदेश

Q.58 अल्फा कणों से एक पतली स्वर्ण की पन्नी पर बमबारी करके परमाणु नाभिक की खोज निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. रॉबर्ट बॉयल
- ✗ B. दिमित्री मेंडेलीव
- ✓ C. अर्नेस्ट रदरफोर्ड
- ✗ D. जॉन डाल्टन

Q.59 भारत के राष्ट्रपति के "पॉकेट वीटो (pocket veto)" का तात्पर्य ______ से है।

Ans
- ✗ A. किसी विधेयक को पुनर्विचार के लिए वापस भेजने
- ✗ B. किसी कानून को गुप्त रूप से वीटो करने
- ✓ C. किसी विधेयक को अनिश्चित काल तक लंबित रखने
- ✗ D. बजट पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने

Q.60 2015 में शुरू किया गया 'राष्ट्रीय आविष्कार अभियान', स्कूली विद्यार्थियों की __________ में रुचि विकसित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

Ans
- ✓ A. विज्ञान और गणित अधिगम
- ✗ B. खेल और शारीरिक शिक्षा
- ✗ C. कला और सांस्कृतिक गतिविधियों
- ✗ D. पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.61 उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का सबसे निकट संबंध किस वाद्य यंत्र से था?

Ans
- ✗ A. तबला
- ✗ B. सरोद
- ✓ C. शहनाई
- ✗ D. सितार

Q.62 11-12 अक्टूबर 2025 को आयोजित 10वीं राष्ट्रीय परामर्श (10th National Consultation) की थीम क्या थी?

Ans
- ✓ A. बालिकाओं की सुरक्षा (Safeguarding the Girl Child)
- ✗ B. बच्चों के लिए डिजिटल भविष्य (Digital Future for Children)
- ✗ C. सभी के लिए शिक्षा (Education for All)
- ✗ D. बाल श्रमिकों की रक्षा (Protecting Child Labourers)

Q.63 भारतीय मरुस्थल (थार मरुस्थल) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
- ✓ A. इस क्षेत्र में प्रति वर्ष 15 mm से कम वर्षा होती है।
- ✗ B. मध्यजीवी महाकल्प के दौरान ऐसा माना जाता है कि यह क्षेत्र, समुद्र के नीचे था।
- ✗ C. अरावली पहाड़ियों के उत्तर-पश्चिम में विशाल भारतीय मरुस्थल स्थित है।
- ✗ D. यहां निम्न वनस्पति आवरण के साथ शुष्क जलवायु पाई जाती है।

Q.64 ग्लासगो (UK) में 2025 राष्ट्रमंडल खेल महासभा में अनुमोदन के बाद, निम्नलिखित में से किसे आधिकारिक तौर पर 2030 शताब्दी संस्करण के लिए मेजबान शहर नामित किया गया था?

Ans
- ✓ A. अहमदाबाद
- ✗ B. पुणे
- ✗ C. भोपाल
- ✗ D. नई दिल्ली

Q.65 किस ऐतिहासिक नीति ने चीन में जन्म के समय लिंगानुपात को असंतुलित (skewed) कर दिया?

Ans
- ✗ A. ग्रामीण प्रवासन प्रतिबंध
- ✓ B. एक-बच्चा नीति
- ✗ C. लैंगिक समानता कानून
- ✗ D. सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा अधिनियम

Q.66 निम्नलिखित में से किस क्रिकेट खिलाड़ी को ICC पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 के लिए सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

Ans
- ✓ A. जसप्रीत बुमराह (Jasprit Bumrah)
- ✗ B. मिचेल स्टार्क (Michelle Starc)
- ✗ C. ट्रेविस हेड (Travis Head)
- ✗ D. जो रूट (Jo Root)

Q.67 लैपटॉप के स्टैंडर्ड विंडोज स्लीप मोड में, जब मशीन अक्रिय होती है, तो वर्तमान सेशन मुख्यतः कहां स्टोर होता है?

Ans
- ✗ A. केवल सिस्टम ड्राइव पर
- ✓ B. RAM में, जो बिजली की लघु मात्रा में भी चालू रहती है
- ✗ C. केवल CPU कैश में
- ✗ D. स्थायी रूप से BIOS चिप में

Q.68 भारत की मुंडा भाषाएं किस भाषा परिवार से संबंधित हैं?

Ans
- ✗ A. चीनी-तिब्बती
- ✗ B. इंडो-आर्यन
- ✗ C. द्रविड़
- ✓ D. ऑस्ट्रो-एशियाटिक

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.69 निम्नलिखित में से किसने 1885 में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता की थी?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. एलन ऑक्टेवियन ह्यूम (Allan Octavian Hume)
- ✗ B. दादाभाई नौरोजी (Dadabhai Naoroji)
- ✗ C. दिनशा वाचा (Dinshaw Wacha)
- ✓ D. व्योमेश चन्द्र बनर्जी (Womesh Chandra Bonnerjee)

Q.70 सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) द्वारा अनुदेशों को निष्पादित करने की स्पीड मुख्यतः उसके क्लॉक रेट द्वारा निर्धारित होती है, जिसे प्रायः गीगाहर्ट्ज़ (GHz) में मापा जाता है। यदि किसी CPU की क्लॉक रेट 3.5 GHz है, तो प्रति सेकंड लगभग कितने क्लॉक साइकिल घटित होंगे?

Ans
- ✓ A. 3.5 बिलियन साइकल प्रति सेकंड
- ✗ B. 3.5 हजार साइकल प्रति सेकंड
- ✗ C. 3.5 मिलियन साइकल प्रति सेकंड
- ✗ D. 350 साइकल प्रति सेकंड

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.71 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। F के ऊपर केवल दो बक्से रखे हैं। C के नीचे केवल तीन बक्से रखे हैं। B, G के ऊपर लेकिन D के नीचे रखा है। E, F के ठीक ऊपर लेकिन A के नीचे रखा है। A और C के बीच कितने बक्से रखे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.72 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते है?

कथन: सभी राजा, बटन हैं। कोई भी पैंट, राजा नहीं है।
निष्कर्ष (I): सभी बटन, राजा हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ बटन, पैंट नहीं हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.73 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' और
A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S ÷ D & R # Y + H' है, तो S का H से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई की पत्नी का पिता
- ✓ B. भाई की पत्नी का भाई
- ✗ C. भाई का भाई
- ✗ D. पत्नी का भाई

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
कुछ कैमरे, चित्र हैं।
कुछ चित्र, बंदर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कैमरे, बंदर हैं।
(II) सभी बंदर, चित्र हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.75 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

486 441 401 366 336 ?

Ans
- ✗ A. 313
- ✗ B. 312
- ✗ C. 310
- ✓ D. 311

Q.76 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

QMO–KGI
RNP–LHJ

Ans
- ✓ A. KGI–EAC
- ✗ B. KGI–DAB
- ✗ C. KFG–DZB
- ✗ D. KFG–EAC

Q.77 यदि शब्द 'COMBINE' के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 0

Q.78 A, B, C, D, S, T और U एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के बाईं ओर से गिनने पर, B और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। T के दाईं ओर से गिनने पर, U और T के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, U के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। T और C दोनों का निकटतम पड़ोसी A है। S के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. A
- ✗ B. C
- ✗ C. U
- ✗ D. T

Q.79 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 – 4 + 45 × 5 ÷ 3 = ?

Ans
❌ A. 25
❌ B. 20
❌ C. 35
✅ D. 30

Q.80 सितारा, बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पश्चिम की ओर 23 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 24 km ड्राइव करता है, फिर से बाएं मुड़ता है और 33 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़ता है और 34 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करते हुए बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
❌ A. 8 km, दक्षिण की ओर
✅ B. 10 km, दक्षिण की ओर
❌ C. 9 km, उत्तर की ओर
❌ D. 11 km, पूर्व की ओर

Q.81 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(2, 11, 31)
(13, 10, 41)

Ans
❌ A. (10, 20, 50)
✅ B. (6, 1, 25)
❌ C. (29, 19, 56)
❌ D. (8, 22, 45)

Q.82 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

CIF IOL OUR UAX ?

Ans
❌ A. FYH
❌ B. MFY
❌ C. STH
✅ D. AGD

Q.83 एक निश्चित तरीके से KG 13 का संबंध IC –2 से है। उसी प्रकार, NH 20 का संबंध LD 5 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NW 24 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
❌ A. MS 11
✅ B. LS 9
❌ C. LR 9
❌ D. MR 11

Q.84 एक निश्चित कूट भाषा में,
A × B का अर्थ है कि 'A, B की माता है।
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है।'
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'और
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है।

यदि 'H – I + O * D × J' है, तो H का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पति
- ✗ B. माता की माता का पिता
- ✓ C. माता की माता का भाई
- ✗ D. पुत्र

Q.85 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से DVUK का संबंध GZZQ से है। उसी तरीके से, PLOI का संबंध SPTO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, YXDA का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. BGIG
- ✓ B. BBIG
- ✗ C. BGIB
- ✗ D. GBBI

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. UV - KG
- ✓ B. JK - WV
- ✗ C. MN - CY
- ✗ D. OP - EA

Q.87 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. AI - ZF
- ✗ B. GY - FV
- ✗ C. TL - SI
- ✓ D. QC - PY

Q.88 सात बक्से L, M, N, O, P, Q और R, एक के ऊपर एक रखे गये हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गये हों। R और O के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। R को O के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। N को L के ठीक नीचे रखा गया है। Q को सबसे ऊपर वाले स्थान पर रखा गया है। P और M के बीच केवल तीन बक्से रखे गये हैं। P को M के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। M को O के ठीक ऊपर रखा गया है। कौन-सा बक्सा ऊपर से चौथे स्थान पर रखा गया है?

Ans
- ✗ A. L
- ✗ B. M
- ✓ C. N
- ✗ D. P

Q.89 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) P W I C T G T X W J N L X T D X E S C S Z (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है तथा ठीक बाद भी एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✓ D. दो

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.90 शब्द 'VOLUNTARY' में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
✔ A. Q
✘ B. K
✘ C. W
✘ D. M

Q.91 सात व्यक्ति, U, T, E, N, S, I और L उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
केवल E, N के बाएं बैठा है। E और T के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। I और L के बीच केवल U बैठा है तथा I, T का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
पंक्ति के सबसे दाएं कौन बैठा है?

Ans
✘ A. N
✘ B. L
✘ C. U
✔ D. S

Q.92 वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ A. OLM
✘ B. CYA
✘ C. EAC
✘ D. AWY

Q.93 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में, प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FOL ZIF TCZ NWT ?

Ans
✘ A. HNY
✘ B. HON
✘ C. HNJ
✔ D. HQN

Q.94 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FAME' को '8341' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FEAL' को '6438' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
दी गई कूट भाषा में 'L' का कूट क्या है?

Ans
✘ A. 8
✔ B. 6
✘ C. 4
✘ D. 3

Q.95 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

38 - 25 ÷ 133 + 703 × 19 = ?

Ans
✘ A. 1191
✔ B. 1046
✘ C. 1156
✘ D. 1052

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.96 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

MAI PEN SIS VMX ?

Ans
A. ZRC
B. ZRD
C. APD
D. YQC

Q.97 सभी 195 व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। Rt बाएं छोर से 143वें स्थान पर है जबकि Kl दाएं छोर से 36वें स्थान पर है। Rt और Kl के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
A. 13
B. 16
C. 14
D. 12

Q.98 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MOPS' को '5863' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'POEM' को '8765' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
A. 8
B. 6
C. 7
D. 5

Q.99 यदि '+' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए और '−' और '×' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
14 − 2 × 48 + 3 ÷ 7 = ?

Ans
A. 14
B. 7
C. 23
D. 19

Q.100 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
70 80 ? 106 122 140

Ans
A. 94
B. 100
C. 92
D. 96

"